न्यायालय : सहायक कलक्टर (फास्ट-ट्रैक) भादरा, जिला हनुमानगढ़

पीठासीन अधिकारी : श्रीमती शकुन्तला चौधरी आरएएस

प्रकरण सं0 : 200/2022

अनवान :

अशोक पुत्र ओमप्रकाश जाति जाट निवासी बुढेर तहसील भादरा।

:— वादी

बनाम

1. ओमप्रकाश पुत्र सांवलराम जाति जाट निवासी बुढेर तहसील भादरा।
2. राजकुमार पुत्र ओमप्रकाश जाति जाट निवासी बुढेर तहसील भादरा।
3. बंशीलाल पुत्र ओमप्रकाश जाति जाट निवासी बुढेर तहसील भादरा।
4. दुलारी पत्नी ओमप्रकाश जाति जाट निवासी बुढेर तहसील भादरा।
5. शकुंतला देवी पुत्री ओमप्रकाश पत्नी राजकुमार जाति जाट निवासी बुढेर तहसील भादरा हाल पनिहार तहसील व जिला हिसार हरियाणा।
6. सुनिता देवी पुत्री ओमप्रकाश पत्नी संदीप जाति जाट निवासी बुढेर तहसील भादरा हाल पनिहार तहसील व जिला हिसार हरियाणा।
7. निर्मला देवी पुत्री ओमप्रकाश पत्नी कालूराम जाति जाट निवासी बुढेर तहसील भादरा हाल झिण्डा तहसील सर्दुलगढ़ जिला मानसा पंजाब
8. भारतीय स्टेट बैंक शाखा डाबडी जरिए शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक शाखा डाबडी तहसील भादरा।
9. राजस्थान सरकार जरिए तहसीलदार (राजस्व) भादरा।

:— **प्रतिवादीगण**

आज यह वाद मुझ शकुन्तला चौधरी सहायक कलक्टर फास्ट–ट्रैक भादरा के समक्ष वकील वादी श्री विरेन्द्र जाखड एवं वकील प्रतिवादीगण श्री मुन्शीराम गोस्वामी की उपस्थिति में निर्णय हेतु प्रस्तुत होने पर एवं वाद वादी सावित होने के कारण मुताबिक राजीनामा डिक्री किया जाता है तथा घोषणा की जाती है कि रोही मौजा बुढेर के खाता सं0 4 के खसरा सं0 172 की 3.642है0, ख0सं0 172/267 की 1.960है0 कुल खसरा 2 की 5.602है0 बारानी कृषिभूमि प्रतिवादी सं0 1 ओमप्रकाश के नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। उक्त वादभूमि में प्रतिवादी सं0 1 ओमप्रकाश अकेले की बजाए वादी अशोक व प्रतिवादी सं0 1 ओमप्रकाश, प्रतिवादी सं0 2 राजकुमार व प्रतिवादी सं0 3 बंशीलाल को बहिस्सा बराबर के खातेदार घोषित किये जाते हैं। चूंकि प्रतिवादी सं0 4 ता 7 ने अपना हक हिस्सा वादी व प्रतिवादी सं0 1 ता 3 के पक्ष में त्याग कर शून्य कर लिया है। यदि कृषि भूमि बैंक के रहन है तो रहन मुक्त होने के उपरान्त ही उपरोक्तानुसार राजस्व रिकार्ड में दर्ज कर रिकार्ड दुरूस्त किया जावे। खर्चा वाद उभय पक्ष अपना अपना वहन करे।

यह पर्चा डिक्री आज दिनांक 31.01.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी की गई।

सहायक कलक्टर
भादरा
(शकुन्तला चौधरी) R.A.S.
सहायक कलक्टर (फास्ट-ट्रैक)
भादरा, जिला हनुमानगढ़

Scanned with CamScanner